एक नजर में

## पूर्व विधायक शांतिलाल बिलवाल की द्वितीय पुण्यतिथि मनाए जाने को लेकर बैठक



**झाबुआ।** पूर्व विधायक स्व. शांतिलाल बिलवाल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 12 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर देवराज बिलवाल मित्र मंडल द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 12 फरवरी को दोपहर 11 बजे स्थानीय सांसद कार्यालय पर पूर्व विधायक स्व. शांतिलाल बिलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बाद दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भोजन करवाया जाएगा इसके अतिरिक्त समिति द्वारा 19 से 21 फरवरी तक राजगढ़ नाका स्थित गरबा ग्राउंड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा, जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ी भाग लेंगे।

जिम्मेदारियां सौंपी गई-बैठक के दौरान कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे, देवझिरी मंडल अध्यक्ष मांगीलाल भूरिया, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सोलंकी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हरु भूरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरभानसिंह गुंडिया, देवराज बिलवाल, अशोक त्रिवेदी, सौरभ जायसवाल, अर्जुन चौहान, अभय वाखला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आलीराजपुर में एमएसएमई एवं नवउद्यमियों के लिए बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


**आलीराजपुर ।** आलीराजपुर जिले में उद्योगों के विकास और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 11 फरवरी 2025 को 'बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रॉयल मोती हॉल, ओल्ड दशहरा मैदान के सामने, रेलवे ब्रिज के पास, उमराली रोड पर शाम 4:30 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी इंदौर स्थित आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के अंतर्गत कार्यरत बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र (ढ्ढक्कस्नष्ट) द्वारा किया गया। यह पहल भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की एमएसएमई नवाचार योजना के अंतर्गत, एमएसएमई ष्ठस्नह्र कार्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश शासन के एमएसएमई विभाग तथा लघु उद्योग भारती, आलीराजपुर के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों तथा नवउद्यमियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों (ढ्ढक्क) की मूलभूत जानकारी दी गई। साथ ही पेटेंट, ट्रेडमार्क, डिजाइन एवं भौगोलिक संकेतक (त्रढ्ढ) के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। विशेषज्ञों द्वारा आईपी खर्च की प्रतिपूर्ति (*IP Reimbursement*), *IPFC* के माध्यम से मिलने वाले पूर्ण बौद्धिक संपदा सहयोग तथा एमएसएमई योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध लाभ एवं आर्थिक सहायता की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने उत्पादों और नवाचारों की कानूनी सुरक्षा के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिलेगी। अंत में आयोजकों द्वारा जिले के समस्त उद्योगपतियों एवं उद्यमियों से भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया गया। उक्त जानकारी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आलीराजपुर द्वारा दी गई।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जिले में प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने किया चंद्र शेखर आजाद नगर में स्थलों का निरीक्षण



**आलीराजपुर ।** चंद्र शेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हेलिपैड, आजाद कुटिया एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर सर्वप्रथम चंद्र शेखर आजाद नगर पहुंचीं, जहां उन्होंने हेलिपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने शहीद क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद के जन्म स्थल आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन किया और परिसर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हेलिपैड से आजाद कुटिया तथा सभा स्थल तक के पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर आलीराजपुर जिले के दौरे का प्रस्तावित कार्यक्रम है।इसी को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार जितेंद्र तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय पहल से सक्षम कार्यक्रम की एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला




**आलीराजपुर ।** जिले के आलीराजपुर विकासखंड में शासकीय पहल से संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर संचालित सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों की संक्षिप्त समीक्षा करना तथा शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में प्राप्त शैक्षणिक अनुभवों को साझा करना रहा। यह कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी (*BEO*) एवं खंड स्रोत समन्वयक (*BRC*) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान 'मेरी सीख की कॉपी', 'मेरी सीख का कोना' तथा चार्ट-पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों की प्रभावशाली प्रस्तुति की गई।शिक्षकों ने बच्चों में आए आत्मविश्वास, सहभागिता और व्यवहारगत सकारात्मक बदलावों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा यह सुझाव भी रखा गया.

# जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन संवर्धन से ही गांवों में सच्ची समृद्धि संभव : कटारा

▶ ग्राम तलावली में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**झाबुआ। शिवगंगा द्वारा आयोजित देव सेवा यात्रा के 6वें दिन 9 फरवरी, सोमवार को जिले के तलावली गांव में कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

**इस अवसर पर यात्रा को संबोधित करते हुए शिवगंगा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजाराम कटारा ने कहा कि गांवों की वास्तविक और स्थायी समृद्धि पांच देव जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन के संरक्षण और संवर्धन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि आरंभ में यह कार्य कठिन अवश्य लगता है,**

लेकिन विश्वास, निरंतर प्रयास और सामूहिक सहभागिता से परिवर्तन निश्चित रूप से आता है। कार्यक्रम में शिवगंगा के मानसिंहभाई तड़वी ने ग्रामीणजनों से आव्हान किया कि प्रत्येक गांव अपनी समृद्धि के लिए प्रति माह समय और श्रम अवश्य निकाले।

उन्होंने कहा कि मातावन की सफाई, सड़क और विद्यालयों की स्वच्छता तथा नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ कौशल की ओर प्रेरित करना ही अक्षय और आत्मनिर्भर विकास की दिशा तय करता है। देव सेवा यात्रा के दौरान अनेक गांवों के स्थानीय नेतृत्वकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे है। इस अभियान में बकुल बिलवाल घाटिया, दिनेश चारेल सेमलपाड़ा, अर्जुन मचार काकरादरा, गट्टु गरवाल नारंदा, विजेन्द्र भुरिया रोटला, रमेश सरपंच गुलाबपुरा, सुरमल तडवी नागनवट सहित सैकड़ों कार्यकर्ता समयदान के माध्यम से नेतृत्व कर रहे हैं और गांव-गांव में जनजागरण का कार्य कर रहे हैं।





### 17 आयामों पर सतत् किया जा रहा कार्य

शिवगंगा अपने 12 वर्षीय ग्राम समृद्धि, संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहीं है और पिछले दो दशकों से जल, जंगल, जमीन सहित 17 आयामों पर सतत कार्य कर रहीं है। संस्था द्वारा अब तक 11 देव सेवा यात्राओं का आयोजन 250 से अधिक गांवों में हलमा आधारित सामूहिक श्रम, 35 हजार से अधिक लोगों से सीधा संवाद, 200 से अधिक समयदानी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता तथा दो जिलों में व्यापक जनसंपर्क यात्राएं संचालित की गई है। देव सेवा यात्रा गांव-गांव में जनभागीदारी, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक प्रयास के माध्यम से समृद्धि की अलख जगा रहीं है .

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से मिली आत्मनिर्भरता

▶ आज़ाद भाटोदरा बने रोजगार प्रदाता

**आलीराजपुर ।** आलीराजपुर जिले के निवासी आज़ाद भाटोदरा ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार की दिशा में एक सफल कदम बढ़ाया है।

भाटोदरा का मेटल फेब्रिकेशन के क्षेत्र में रुचि रखते थे और लंबे समय से इस क्षेत्र में स्वयं का कार्य शुरू करना चाहते थे, लेकिन आर्थिक संसाधनों के अभाव में यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आलीराजपुर से संपर्क किया, जहाँ उन्हें अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी दी गई और बताया गया कि इस योजना का लाभ उठा कर वह स्वयं स्वरोजगार स्थापित कर सकते है। श्री आजाद ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए आवेदन किया जिसमें आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उनका आवेदन स्वीकृत हुआ और बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा आलीराजपुर से उन्हें योजना अंतर्गत ?9.99 लाख का ऋण मेटल फेब्रिकेशन ट्रेडिंग शॉप की स्थापना हेतु प्राप्त हुआ।



आजाद ने ऋण मिलने के पश्चात अपने व्यवसाय की शुरुआत की। वर्तमान में उनका प्रतिष्ठान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और वे 5 स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किए जा रहे मेटल फेब्रिकेशन उत्पादों की मांग स्थानीय स्तर के साथ-साथ अन्य जिलों में भी है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार विस्तार की ओर बढ़ रहा है।

आज़ाद भाटोदरा ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा। उन्होंने इस योजना को युवाओं के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन हो तो स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बना जा सकता है और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उक्त सफलता की कहानी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा दी गई है।

## कलेक्टर द्वारा दुर्गा परिहार को दी गई अनुकंपा नियुक्ति

**आलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर के आदेशानुसार पात्रता के आधार पर दुर्गा परिहार को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक एफ/22/पं.-1/2017/124, भोपाल दिनांक 15 नवंबर 2017 तथा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 154 दिनांक 21 जून 2024 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है।



कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बटावदा, जनपद पंचायत जीरापुर, जिला राजगढ़ (म.प्र.) में पदस्थ पंचायत सचिव स्वर्गीय श्री चरणसिंह परिहार का सेवा काल के दौरान 09 फरवरी 2019 को निधन हो गया था। उनके निधन के पश्चात उनकी पुत्री कुमारी दुर्गा परिहार को अन्य पिछड़ा वर्ग (प्रवर्ग) के अंतर्गत पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। सुश्री दुर्गा परिहार को आवश्यक एवं अनिवार्य अर्हताएं पूर्ण करने की शर्त पर आगामी आदेश पर्यन्त पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत गड़ात, जनपद पंचायत आलीराजपुर, जिला आलीराजपुर के पद पर नियुक्त किया गया है।



## मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा देता है : डॉ . के . तावड़े

**निवाली - नगर के शासकीय कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एवरेस्ट विजेता सुश्री अरुणिमा सिन्हा पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली।**

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. के. तावड़े ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य तय करके मेहनत करना और उसमें सफलता प्राप्त करना अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का उदाहरण है। उन्होंने मानसिक तनाव के लक्षणों और उनसे निपटने के सरल तरीकों की जानकारी दी। साथ ही युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसके मानसिक कारणों और बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।

### नियमित रूप से योग, ध्यान और मेडिटेशन करना चाहिए

विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखें। जब मन में तनाव या क्रोध जैसी भावनाएँ उत्पन्न हों, तो शांत रहकर अपनी समस्याएँ परिवार या मित्रों से साझा करनी चाहिए, जिससे समाधान मिल सकता है और मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामाधार पिपलिया ने बताया कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से योग, ध्यान और मेडिटेशन करना चाहिए। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बढ़ते मानसिक तनाव और आत्महत्या जैसी समस्याओं को रोकने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करना और मास्टर ट्रेनर विकसित करना था। इस अवसर पर डॉ पी सी किराडे ,प्रो अनार सिंह किराडे, डॉ शारदा ठरते, डॉ सुधा टेटवाल, प्रो किशन पवार, विजय चौधरी, तुकाराम निगवाले सहित अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर योगेश्वर महादेव मंदिर पर तैयारियां शुरू


▶ दो दिवसीय आयोजन के साथ मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

**झाबुआ।** आगामी 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित श्री योगेश्वर महादेव मंदिर पर जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। श्री योगेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। मंदिर समिति के व्यवस्थापक एवं नवकार संयोजक योगेन्द्र नाहर ने बताया कि इस बार दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी, शनिवार रात 8 बजे से श्री योगेश्वर महादेव के भक्तों की उपस्थिति में भजन संध्या का आयोजन होगा एवं महाशिवरात्रि पर्व पर श्री योगेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, महाआरती, विशेष श्रृंगार विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न होगा। इस बार पर्व के दौरान 2 बार महाआरती होगी। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय सुंदरकांड, भजन-कीर्तन कार्यक्रम किए जाने की रूपरेखा भी बनाई गई है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी योगेश्वर महादेव के दर्शन-पूजन एवं कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी भक्तों के लिए भांग युक्त ठंडाई, स्वादिष्ट फरियाली खिचड़ी और मिनरल वाटर की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई है। मंदिर समिति एवं प्रबंधन द्वारा समस्त शिव भक्तों से श्री योगेश्वर महादेव मंदिर पर आधिकाधिक संख्या में पधारकर सभी आयोजनों में शामिल होने एवं दर्शन लाभ लेने हेतु अपील की है।*



## जिला सह समन्वयक ने नोडल शाला केंद्रों का निरीक्षण

**निवाली (नवभारत)** नगर से 7किलोमीटर दूर ग्राम फुलजवारी वझर एवं बडगांव एवं जलगौन माध्यमिक शाला स्कूल का निरीक्षण उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला सह समन्वयक के एल कुशवाह जिला शिक्षा केंद्र बड़वानी एवं बी एस सी अमरसिंह सिसोदिया सह समन्वयक द्वारा किया गया, जिसमें वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 15वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों का सर्वे चिन्हांकन कर ,मार्च माह में होने वाली नव साक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा में अधिक से अधिक नव साक्षरों को शामिल कराने हेतु निर्देशित किया गया।



एक नजर में ▶ कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित

# ई- केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर जताई नाराजगी

**आलीराजपुर । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रकों ( टी.एल. ) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण कर ए-ग्रेड में आना सुनिश्चित करे तथा कोई भी विभाग बी या सी ग्रेड में नहीं रहे। साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए।**

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभागों को विभाग स्तर पर परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने एवं उसकी कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा 27 फरवरी को चंद्रशेखर आज़ाद नगर में है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। ई-केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर परिषद सीएमओ पर नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित समय-सीमा में ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित कर ई-केवाईसी की प्रगति सुनिश्चित करे।

साथ ही संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी पात्र नागरिक हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने टी.एल. बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले जिला अधिकारियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, सीएमएचओ डॉ. राजेश अतुलकर सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।